CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 198 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - शुक्रवार, 09 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## बांग्लादेश पर भारत चुप नहीं रह सकताः देवनानी

### हिंदुओं पर अत्याचार, लोकतंत्र कुचला जा रहा-सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**



**गर्वित ।** बांग्लादेश में मानवाधिकारों के हनन और अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर भारत को मूकदर्शक नहीं बने रहना चाहिए। यह बात राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को कोटा में कही। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत सरकार को इस विषय में ठोस और उचित कदम उठाने चाहिए, क्योंकि बांग्लादेश के निर्माण में भारत की ऐतिहासिक और निर्णायक भूमिका रही है। देवनानी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (वीएमओयू) में बांग्लादेश में मानवाधिकार एवं लोकतंत्र विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश में हालात बेहद चिंताजनक हैं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि मानवाधिकार संगठन और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश अमेरिका भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। देवनानी ने कहा कि भारत में कुछ संगठन छोटी-छोटी घटनाओं पर तुरंत यह कहने लगते हैं कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में हैं, लेकिन जहां वास्तव में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, वहां वे मौन हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं, उन्हें निशाना बनाया जा रहा है, फिर भी तथाकथित लोकतंत्र रक्षक संगठनों की चुप्पी समझ से परे है। देवनानी ने इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के समय पश्चिम और पूर्वी पाकिस्तान बने थे, जहां पश्चिमी पाकिस्तान द्वारा पूर्वी पाकिस्तान का शोषण किया गया। भाषा और अन्याय के खिलाफ आंदोलन चला और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए बांग्लादेश का जन्म हुआ। लेकिन विडंबना यह है कि आज वहीं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अतिवादी तत्व कुचल रहे हैं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल वोटों की राजनीति और तुष्टिकरण के चलते यदि हम चुप रहेंगे तो हम लोकतंत्र के पक्षधर नहीं कहलाएंगे। भारत पड़ोसी देश होने के साथ-साथ बांग्लादेश के जन्म में सहभागी रहा है, इसलिए भारत को नेतृत्व दिखाना होगा। देवनानी ने कहा कि यह केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज, संगठनों और जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है कि वे बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के पक्ष में आवाज उठाएं। भारत बहुत समय तक इस मुद्दे पर मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता।

## हफ्ता वसूली करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार, ठेले वालों के सामने निकाला जुलूस



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ ।**

छोटे व्यापारियों को डराने-धमकाने और हफ्ता वसूली करने वालों के खिलाफ चित्तौड़गढ़ पुलिस ने कड़ा संदेश दिया है। सदर थाना क्षेत्र में राजीव गांधी पार्क के बाहर ठेले वालों से जबरन पैसे वसूलने और तोड़फोड़ करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उन्हें ठेले वालों के सामने उनका जुलूस निकाला, जिससे आमजन में भरोसा और अपराधियों में डर पैदा हो सके।

पुलिस ने बताया कि 6 जनवरी की रात वड़ापाव-पानीपुरी ठेला लगाने वाले शंकर लाल डांगी से हफ्ता मांगने पर विवाद हुआ था। पैसे नहीं देने पर आरोपियों ने उसकी लारी में तोड़फोड़ की। रिपोर्ट दर्ज होते ही शहर डीएसपी बृजेश सिंह के निर्देशन में सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपेश गमेती, घनश्याम गिरी, ईश्वर जायसवाल और उदयलाल गुर्जर शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। डीएसपी बृजेश सिंह ने बताया कि जुलूस का उद्देश्य ठेले वालों का डर खत्म करना है,पुलिस पीड़ितों के साथ खड़ी है। कार्रवाई के दौरान सदर थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह, एएसआई मुरलीदास सहित पूरा पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## शीतलहर का असरः कक्षा 1 से 5 तक दो दिन का अवकाश घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर जिले में जारी शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों को राहत दी है। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जसमीत सिंह संधु (आईएएस) ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा 30 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 01 से 05 तक के विद्यार्थियों के लिए 09 जनवरी (शुक्रवार) से 10 जनवरी (शनिवार) तक अवकाश घोषित किया है। हालांकि, अवकाश के दौरान विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति विद्यालयों में यथावत रहेगी।

आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी जिला कलेक्टर द्वारा शीतलहर के मद्देनज़र कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए तीन दिन का अवकाश घोषित किया जा चुका है। लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत, पिता-पुत्र पर हमला कर फरार हुए बदमाश



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित** जिले के कैथून थाना क्षेत्र में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। कैथून-सांगोद मार्ग पर खेड़ा रामपुर चौराहे के पास बाइक सवार बदमाशों ने पिता-पुत्र पर गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

पुलिस ने बताया की कैथून निवासी अब्दुल कादिर अपने बेटे के साथ कोटा-कैथून रोड स्थित प्लॉट के ऑफिस के बाहर बैठे था, तभी कोटा के सकतपुरा निवासी तीन बदमाश बाइक पर पहुंचे। उनमें से एक ने 10 से 15 फीट की दूरी से दो फायर किए और तीनों भाग निकले। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गई।

प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही कैथून थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कैथून थानाधिकारी मनोज सिकरवार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## हाई-सिक्योरिटी जोन में कलेक्ट्री के पीछे मिला कंकाल,शहर में दहशत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कलेक्टर कार्यालय के बाहर बुधवार को युवती के अपहरण की घटना के ठीक अगले दिन गुरुवार को कलेक्ट्री परिसर के पिछवाड़े झाड़ियों में एक महिला का सड़ा-गला कंकाल मिलने से शहर में सनसनी फैल गई। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने आमजन को झकझोर दिया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने कलेक्टर कार्यालय के पीछे रेलवे बाउंड्री के पास झाड़ियों में महिला की लाश पड़ी होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची, जहाँ झाड़ियों के बीच महिला का कंकालनुमा शव मिला। प्रारंभिक जाँच में शव लगभग एक माह पुराना बताया जा रहा है। मृतका की उम्र करीब 30 वर्ष या उससे अधिक मानी जा रही है।

घटना स्थल जीआरपी क्षेत्र में होने के चलते जीआरपी थाना पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस का कहना है कि महिला की मौत दुर्घटना से हुई या फिर यह हत्या का मामला है इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। कलेक्ट्री क्षेत्र जैसे हाई-सिक्योरिटी जोन के आसपास इस तरह की घटना सामने आने से शहर में दहशत का माहौल है ।फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## नकबजनी में शामिल आरोपी गिरफ्तार, 2.5 किलो चांदी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



थाना पुलिस ने नकबजनी के प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाँदी और सोने के आभूषण बरामद किए है । पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीती 8 जनवरी को गुलाबचन्द्र अग्रवाल निवासी बूंदी ने थाने में सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाथादण्ड निवासी हीरालाल पिता गंगाराम मीणा (45) को डिटेन कर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया संपूर्ण माल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज रहे हैं। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## बिजोलिया में गो-तस्करी नाकामः पिकअप में बेरहमी से भरे बछड़े पकड़े, चालक फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**रमेश गुर्जर ।** क्षेत्र में गो-तस्करी का एक प्रयास गुरुवार शाम निष्काम गो सेवकों की सतर्कता से विफल हो गया। मंडोल बांध के नजदीक पिकअप में बेरहमी से ठूंसकर ले जाए जा रहे गोवंश को गो सेवकों ने बचाते हुए पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार मंडोल बांध के पास एक पिकअप वाहन में भैंस के 12-15 बछड़ों को क्रूरतापूर्वक भरकर टोंक की ओर ले जाया जा रहा था। वाहन में एक चालक के साथ कुछ महिलाएं भी मौजूद बताई गईं। सूचना मिलते ही गो सेवकों ने पिकअप को रुकवाया, लेकिन घबराया चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।गो सेवकों की सूचना पर पिकअप वाहन को कस्बा स्थित थाने लाया गया। जहाँ मामले की जांच जारी है

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

CMYK

# सड़क किनारे फैक्ट्री मलबा बना खतरा, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



**(नरेश धाकड़)।** कस्बे में पार्श्वनाथ चौराहे से बन्नी के बालाजी मार्ग पर सड़क किनारे फैक्ट्रियों से निकलने वाला मलबा और बड़े-बड़े पत्थर डाले जाने से राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह मार्ग इन दिनों बिजोलिया के लिए संजीवनी साबित हो रहा है, क्योंकि मालीपुरा से केसरगंज चौराहे तक का रास्ता बंद होने के कारण कोटा जाने वाली बसें और अन्य वाहन इसी मार्ग से गुजर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे फैले मलबे के कारण विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को साइड लेने में भारी परेशानी होती है। कई बार बाइक फिसलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। राहगीरों ने बताया कि गनीमत रही कि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन हालात ऐसे ही रहे तो बड़ी दुर्घटना का अंदेशा है । क्षेत्रवासियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है कि दोनों ओर जमा मलबे की तुरंत सफाई कराई जाए और क्षतिग्रस्त हिस्सों पर पैचवर्क कराया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके। लोगों ने यह भी कहा कि फैक्ट्रियों द्वारा सड़क किनारे मलबा डालने पर सख्ती की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो।

# भाजपा की संगठन सशक्तिकरण बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं की मजबूती का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भारतीय जनता पार्टी के संगठन सशक्तिकरण को लेकर भीलवाड़ा विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना मुख्य अतिथि रहीं, जबकि जिला प्रभारी संजय जैन का सान्निध्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं महापौर राकेश पाठक की विशिष्ट उपस्थिति रही। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की जान हैं यदि कार्यकर्ता मजबूत होंगे तो संगठन स्वतः सशक्त होगा और आने वाले निकाय चुनावों में ऐतिहासिक विजय का मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला प्रभारी संजय जैन ने बूथ स्तर तक जिम्मेदारियों को समझते हुए पार्टी हित में समय व श्रम देने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि भीलवाड़ा जिला संगठन ने प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। महापौर राकेश पाठक ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मुकेश चेचाणी बीएलए-1, प्रहलाद त्रिपाठी, अशोक तलाइच, मंजू चेचाणी, गोपाल तेली, कुलदीप शर्मा, ललिता कंवर, कांता शर्मा, आरती कोगटा, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, भूपेंद्र सिंह, रागिनी गुप्ता, अजय नौलखा, मंजू पालीवाल, ऋतु शेखर शर्मा मंडल अध्यक्ष, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, रमेश खोईवाल, महेंद्र नायक, आकाश मालावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 190 दुकानों-मकानों पर संकट, हजारों लोगों के बेघर होने की आशंका , रंगपुर रोड चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों में भय, केडीए अडिग

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**



**गर्वित ।** कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई में रंगपुर रोड चौड़ीकरण को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों की केडीए अधिकारियों से वार्ता हुई। बैठक में रंगपुर रोड व्यापार मंडल ने चौड़ीकरण के अलावा वैकल्पिक सुझाव भी रखे, लेकिन केडीए अधिकारियों ने सभी विकल्पों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि रोड चौड़ीकरण की पूरी प्रक्रिया, रूपरेखा और क्षेत्र की मार्किंग पूर्ण हो चुकी है। केडीए अधिकारियों ने बताया कि एक माह बाद रंगपुर रोड पर आकर योजना को सार्वजनिक किया जाएगा, जिसमें यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि किसकी कितनी दुकान या मकान प्रभावित होगा। इस घोषणा के बाद पूरे क्षेत्र में व्यापारियों के बीच भय का माहौल बन गया है। व्यापारियों का कहना है कि चौड़ीकरण के नाम पर लगभग 190 दुकानों और मकानों को तोड़ने की तैयारी है, जिससे हजारों लोगों के बेघर होने की आशंका है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि ओम बिरला एवं कोटा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा दिए गए आश्वासन भी अब विफल होते नजर आ रहे हैं। वार्ता के दौरान व्यापारियों की ओर से एडवोकेट मनीष शर्मा, सतीश विजय, महेंद्र प्रताप सिंह, जमील अहमद, अशोक गेरा, फिरोज खान, अतीक मोहम्मद सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित, समिति का गठन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**मानव तिवाड़ी।** नगर में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन एवं विशाल धर्म सभा के आयोजन को लेकर राज भवानी वाटिका में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक संघ के प्रांत कार्यवाहक एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शंकर माली तथा हिंदू सम्मेलन विभाग संयोजक गणेश प्रजापत के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में सम्मेलन की आयोजन समिति की घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. दुर्गा शंकर मेहर को आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही सभी समाज वर्गों से दो-दो सदस्यों को समिति में शामिल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी 18 जनवरी को कस्बे में भव्य विराट शोभायात्रा निकालने का भी निर्णय लिया गया। निर्धारित रूट के अनुसार शोभायात्रा बड़ा चारभुजा मंदिर से प्रारंभ होकर लाल बड़ली, सदर बाजार, पंचायत चौक, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक होते हुए थानेश्वर महादेव सभा स्थल पर पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन पर थानेश्वर महादेव परिसर में एक विशाल धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी हिंदू पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कस्बेवासी उपस्थित रहेंगे।

# देवनगर में प्राथमिक विद्यालय पुनः संचालित करने की मांग, शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**नरेश धाकड़।** क्षेत्र के सदाराम जी का खेड़ा, पंचायत के देवनगर के ग्रामीणों ने अपने गांव में प्राथमिक विद्यालय को पुनः संचालित करने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों ने बताया कि देवनगर में पूर्व में राजकीय प्राथमिक विद्यालय संचालित था, जो भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र में चल रहा था। बाद में किसी कारणवश विद्यालय का सदारामजीकाखेड़ा विद्यालय में विलय कर दिया गया। इससे देवनगर के बच्चों को पढ़ाई के लिए 15 किलोमीटर दूर सदारामजीकाखेड़ा जाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि देवनगर नलाकामाता जी में बड़ी आबादी निवास करती है, जहां अधिकांश परिवार गरीब, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के हैं तथा कई विधवा महिलाएं भी रहती हैं। गांव में धार्मिक स्थल और घनी आबादी होने के बावजूद स्कूल का संचालन बंद होना बच्चों के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि देवनगर से सदारामजीकाखेड़ा जाते समय नेशनल हाईवे-27 पार करना पड़ता है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों के लिए आवागमन जोखिम भरा हो गया है। अभिभावकों ने इसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि देवनगर में ही आंगनबाड़ी केंद्र या किसी सामुदायिक भवन में प्राथमिक विद्यालय को पुनः संचालित करने के आदेश जारी किए जाएं, ताकि बच्चों को सुरक्षित और सुलभ शिक्षा मिल सके। ज्ञापन देते समय लक्ष्मी, गोरा, दिनेश, लाली,, मंजू ,सोनिया, कमलेश,, नंद, नंदू, गीला, गोपाली सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद में योगेश दाधीच मीडिया प्रभारी नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (उप-प्राचार्य) की प्रदेश कार्यकारिणी ने भीलवाड़ा के शिक्षाविद् योगेश दाधीच को पत्रकारिता एवं मीडिया प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके संगठनात्मक अनुभव, लेखन क्षमता और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की दक्षता को देखते हुए की गई। नियुक्ति पत्र परिषद के मुख्य संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष भंवरलाल गुर्जर, प्रदेश महामंत्री मनोज विश्नोई एवं प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल धुवां द्वारा जारी किया गया। संगठन ने उम्मीद जताई कि दाधीच उप-प्राचार्यों के अधिकारों की रक्षा और संगठन की गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाएंगे।

इस नियुक्ति पर जितेंद्र वैष्णव, वीरेन्द्र चतुर्वेदी, भारत पारीक, भूपेंद्र कुमार नायक, गणपत पुरोहित, सुरेश कोली, नीरज गंगवाल, भैरूलाल खटीक, रामप्रसाद शर्मा, सतीश कुमार व्यास आस, रामप्रसाद माणम्या, संजय कुमार धींवा, धीरज जोशी, मुकेश कुमार पालीवाल, लीना नरुका, अंकिता उपाध्याय, रेखा शर्मा, भागचंद जैन, सपना चन्देरिया, भैरूलाल नायक, स्वाति गर्ग, पुष्पा पारीक सहित कई नव पदोन्नत उप-प्राचार्यों ने बधाई दी।

# सवाईपुर में शताब्दी वर्ष पर 1 फरवरी को हिंदू सम्मेलन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कस्बे में 1 फरवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं । इसको लेकर गुरुवार रात्रि को प्रांत कार्यवाह शंकर माली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई । बैठक में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सनातनी समाज के बंधु और मातृ शक्ति ने भाग लिया । सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई और सर्वसम्मति से कार्यक्रम तय किया गया । बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन के दिन गांव में शोभायात्रा निकाली जाएगी । रड़ा के माताजी मंदिर प्रांगण में धर्मसभा आयोजित होगी ।

# तिलस्वां महादेव मंदिर परिसर में जरूरतमंदों को कंबल वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**नरेश धाकड़** ऊपरमाल क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बीच तिलस्वां महादेव मंदिर परिसर में मानवता की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। यह सेवा कार्य पीपल्दा निवासी शिव दयाल धाकड़ द्वारा किया गया, जो हर वर्ष सर्दी में जरूरतमंदों की सहायता करते हैं। किसान परिवार से आने वाले शिव दयाल धाकड़ वर्तमान में उदयपुर में रहकर बच्चों को ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवा रहे हैं। उनकी इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# गुर्जर समाज कन्या निःशुल्क विवाह सम्मेलन का पोस्टर विमोचन, लग्न कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



**रमेश गुर्जर ।** गुर्जर समाज द्वारा आगामी 23 जनवरी को आयोजित होने वाले कन्या निःशुल्क विवाह सम्मेलन को लेकर गुरुवार को पोस्टर विमोचन एवं कन्याओं के लग्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों ने सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करते हुए इसे सफल बनाने का संकल्प लिया।

सम्मेलन के अंतर्गत 22 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे ।

कार्यक्रम में गुर्जर समाज अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर सहित भामाशाह दयाराम, मुकेश, संजय ,रामलाल, महेन्द्र ,जुगराज,हंसराज, नंदा, सोनू, किशन, शंकर, शंभु तथा सैकड़ों की संख्या में गुर्जर समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# शाहपुरा के डॉ. तनय व्यास को प्राणी विज्ञान में पीएचडी की उपाधि

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



शहर के होनहार डॉ. तनय व्यास को प्राणी विज्ञान विषय में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए विद्या वाचस्पति पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह उपाधि व्यास को 8 जनवरी को गोविंद गुरु विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा प्रदान की गई। डॉ. व्यास के पिता योगेश व्यास प्रधानाचार्य हैं। डॉ. व्यास का शोध कार्य माही बजाज सागर की मत्स्य प्राणीजातीय विविधता एवं सरोवर विज्ञान का अध्ययन विषय पर केंद्रित रहा, जिसे उन्होंने डॉ. सुरेंद्र मोहन राय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय से एमएससी की डिग्री प्राप्त की तथा वर्ष 2025 में पीएचडी की उपाधि अर्जित की।



QUICK BITES

## एनएच-27 पर 37वें सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा ।




37वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एनएच-27 स्थित आरोली टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य लंबे भारी वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, जिससे रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

कार्यक्रम में ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों को नशे में वाहन न चलाने, यात्रा से पूर्व पूरा विश्राम करने, टायर प्रेशर व ब्रेक की जांच, लोड सीमा का पालन, लाइट एवं रिफ्लेक्टर सही स्थिति में रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर कुलदीप सिंह, इक़बाल सिंह, गौरव सिंह, भंवर सिंह, योगेश कुमार एवं आनंद सिंह ने सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम सदस्यों ने सुरक्षित, सतर्क एवं जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने का संदेश देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## बापूनगर में एसएमसी-एसडीएमसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बापूनगर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर में स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी एवं एसडीएमसी सदस्यों के लिए जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 7 से 8 जनवरी तक किया गया, जिसका समापन गुरुवार को हुआ।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता नानकानी द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर स्थानीय पार्षद लव कुमार जोशी एवं लाडो सेवा फाउंडेशन के प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन संजू शर्मा ने किया।

प्रशिक्षण सत्रों में मुख्य प्रशिक्षक कमांडर राजेन्द्र कुमार शर्मा ने विद्यालय नामांकन, सामुदायिक जागरूकता, मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील), बाल अधिकार, जनसहभागिता तथा विद्यालय विकास में एसएमसी की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रतिभागियों को एसएमसी के अधिकारों एवं कर्तव्यों से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर पार्षद लव कुमार जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

समापन अवसर पर प्रधानाचार्या सुनीता नानकानी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों एवं एसएमसी-एसडीएमसी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। वहीं संजू शर्मा ने लाडो सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी के माध्यम से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, जीवनोपयोगी कौशल एवं जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# गिवअप अभियान में जिला लगातार प्रथम, 2.37 लाख से अधिक लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिवअप अभियान' में भीलवाड़ा जिला लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। अभियान के तहत अब तक 2 लाख 37 हजार 926 लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए योजना का लाभ छोड़कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है।

इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी के माध्यम से 76 हजार 153 लोग भी एनएफएसए से हटाए गए हैं। इस प्रकार कुल 3 लाख 14 हजार 79 अपात्र व्यक्तियों को योजना से बाहर किया गया। अपात्रों के हटने से जिले में 2 लाख 55 हजार 317 पात्र लेकिन वंचित लोगों को एनएफएसए योजना से जोड़ने में सफलता मिली है। योजना से अपात्र लाभार्थियों के हटने पर खाद्य, गैस, बीमा एवं चिकित्सा सब्सिडी पर होने वाला सरकारी व्यय बचेगा, वहीं नए पात्र लाभार्थियों को इन चारों योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि गिवअप अभियान के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकरदाताओं तथा एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए लाभ का त्याग किया है। उन्होंने बताया कि अभियान से समाज में व्यापक जागरूकता आई है और लोग ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से बड़ी संख्या में गिवअप कर रहे हैं। इस सफलता में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया, खाद्य विभाग के कार्मिकों तथा उचित मूल्य दुकानदारों का अहम योगदान रहा है। विभाग द्वारा एमएसपी पर 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने वाले लाभार्थी परिवारों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है, जिसकी जांच की जा रही है। गिवअप अभियान 28 फरवरी तक जारी रहेगा। निर्धारित तिथि तक स्वेच्छा से गिवअप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 मार्च से 30 रुपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से खाद्यान्न की वसूली की जाएगी।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः विद्यार्थियों को परिवहन सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



राजस्थान सरकार के परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय में विद्यार्थियों को सड़क एवं परिवहन सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को 'सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन' एवं 'सतर्क रहें हम, सुरक्षित हो सफर' जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति समझ विकसित करना एवं दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों को व्यवहार में लाना रहा।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ईश्वर लाल मीणा ने विद्यार्थियों की भूमिका एवं दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्कूल बस में यात्रा करते समय, साइकिल से स्कूल जाते हुए, पैदल आवागमन, दोपहिया वाहन तथा सार्वजनिक परिवहन जैसे ऑटो, वैन एवं मिनी बस से स्कूल आने-जाने के दौरान किन-किन सावधानियों का पालन आवश्यक है। साथ ही विद्यालय प्रशासन की भूमिका और जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ सड़क सुरक्षा के मानक बिंदुओं पर संवाद किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से राजेश धाकड़, मनोज कुमावत, नरेश पाल सिंह धाभाई, डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत, पर्वत सिंह कानावत एवं सुमित कुमार खटीक उपस्थित रहे।

## बीसलपुर बांध भराव क्षमता बढ़ाने के विरोध में धरना 17वें दिन भी जारी

### 68 गांवों के विस्थापितों में आक्रोश, बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के विरोध में देवली उपखंड कार्यालय परिसर के बाहर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को 17वें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद अजमेर, टोंक और भीलवाड़ा जिलों के 68 गांवों के विस्थापित ग्रामीण धरने पर डटे हुए हैं और अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

गुरुवार को अजमेर जिले की कालेड़ा कंवरजी ग्राम पंचायत के सरपंच अर्पित जोशी ग्रामीणों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। धरने में शामिल बुजुर्ग किसानों ने कहा कि बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाए जाने से वे बेहद नाराज हैं। किसानों का आरोप है कि सरकार गरीब और विस्थापित किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वे पहले भी विस्थापन का दंश झेल चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। संघर्ष समिति द्वारा समय-समय पर भेजे गए ज्ञापनों पर सरकार की ओर से अब तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है।सरपंच अर्पित जोशी ने बताया की 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा खारिज कर दिया गया है। कार्यालय ने इसे 'अव्यवहारिक प्रकरण' बताते हुए ERCP योजना से संबंधित बताया है।

इस पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सरसड़ी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीसलपुर बांध का भराव बढ़ाने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय सरकार और राज्य मंत्रिमंडल द्वारा लिए जाते हैं। उन्होंने समिति के ज्ञापन को खारिज किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

धरने पर बैठे समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पुनः पत्र भेजकर मांगों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते विस्थापितों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो अजमेर, टोंक और भीलवाड़ा जिलों के 68 गांवों के किसान संयुक्त रूप से बड़ा आंदोलन करेंगे।

## रामानन्दाचार्य महाराज के 726वें जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।

सांवर वैष्णव



रामानन्दाचार्य महाराज के 726वें जन्मोत्सव के अवसर पर वैष्णव बैरागी समाज द्वारा जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड के पास स्थित रामानन्द भवन देवादास जी की बगीची में किया जाएगा।

वैष्णव बैरागी सेवा संस्थान भीलवाड़ा एवं समस्त वैष्णव बैरागी समाज भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे दूदाधारी मंदिर, सांगानेर गेट से होगा। शोभायात्रा में गाजे-बाजे के साथ हाथी-घोड़े भी शामिल रहेंगे।

शोभायात्रा दूदाधारी मंदिर से प्रारंभ होकर श्री गेस्ट हाउस, महाराणा टॉकीज, सूचना केंद्र, गोल प्याऊ चौराहा, रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्री रोड, परशुराम सर्किल एवं रोडवेज बस स्टैंड होते हुए रामानन्द भवन देवादास जी की बगीची पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा।

शोभायात्रा के समापन बाद प्रसादी भोग अर्पित कर प्रसादी वितरण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः छात्राओं को यातायात नियमों की दी जानकारी



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राजस्थान पत्रकार परिषद की ओर से गुरुवार को मुरलीधर मानसिंहका कन्या विद्यालय में छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने कहा कि देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, जेब्रा क्रॉसिंग और नियमों के पालन पर जोर देते हुए छात्राओं को शपथ दिलाई।

यातायात विभाग के घेवरचंद जीनगर ने सुरक्षित ड्राइविंग के टिप्स दिए और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह दी। परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने कहा कि 'जान है तो जहान है ', जल्दबाजी दुर्घटनाओं को न्योता देती है।

कार्यक्रम को सुनीता शर्मा ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता शाला प्रधान सुषमा विश्नोई ने की, जबकि संचालन नारायण गाडरी ने किया। इस दौरान उपाचार्य रानी तंबोली सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं।

# भाविप वीर शिवाजी शाखा का सेवा प्रकल्प, जरूरतमंदों को कंबल वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में कड़ाके की ठंड को देखते हुए भारत विकास परिषद वीर शिवाजी शाखा द्वारा चार दिवसीय कंबल वितरण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत शहर की कच्ची बस्तियों के साथ-साथ अंतिम दिन रेलवे स्टेशन, महात्मा गांधी हॉस्पिटल के शिशु व जनाना वार्ड तथा रोडवेज बस स्टैंड पर जरूरतमंदों व यात्रियों को कंबल वितरित किए गए। शाखा अध्यक्ष सुभाष मोटवानी ने बताया कि परिषद का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। अभियान के मुख्य प्रभारी हुकुम सिंह पथरिया ने कहा कि यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। जरूरतमंद नागरिक यूआईटी मार्केट स्थित न्यू मास्टर साउंड से भी निःशुल्क कंबल प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा कार्य में हुकुम सिंह पथरिया, दिव्य मेहता, मनोज सोनी, उमेश शर्मा, हरीश अग्रवाल, पुनीत भूतरा, शेखर सारस्वत, टोनी गाड़िया, हितेष तोषनीवाल, अमित पटवारी, रिंकेश अग्रवाल, अशोक राठी, कमलेश बोड़ाना, धर्मेंद्र देवनानी, कमल राजानी, सुनील भंसाली, दीपक चोरड़िया, रेणु तोषनीवाल, वर्षा मित्तल, सरिता जैन, संगीता ओझा, सुनीता वर्मा, कुसुम राठी, शशि बोड़ाना, श्वेता भूतरा, चंदा समदानी, सुमन नंदवाना, मधु नंदवाना, कोमल मोटवानी, भारती गाड़िया, अंजु कोठारी, अनीता अग्रवाल सहित अनेक सदस्यों का सहयोग रहा।




# वार्ड 28 में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण, वार्डवासियों ने जताया आभार





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 में चल रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड 28 में गिट्टी रोड निर्माण कार्य के पूर्ण होने पर वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान पर आभार जताया। इसके साथ ही बेगूं रोड पथवारी से मोड़िया बड़ रोड तक प्रस्तावित सीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। स्थानीय पार्षद दुर्गा लाल कहार ने बताया कि वार्ड में नहर के किनारे बसी आबादी में लंबे समय से गंदगी और सड़क नहीं होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी। सड़क एवं नाला निर्माण से अब वार्डवासियों को राहत मिलेगी और आवागमन सुचारु हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत 36 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क के सभी हिस्सों में सीसी रोड तथा नाले का निर्माण होगा।

# दिव्यांजलि ने राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग में जीता कांस्य पदक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 12वीं कक्षा की छात्रा दिव्यांजलि सिंह चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। दिव्यांजलि ने 5 से 9 जनवरी तक भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। राजस्थान टीम की ओर से राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यम से चयनित दल में शामिल दिव्यांजलि ने अंडर-19 वर्ग में 10 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।



दिव्यांजलि ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं कोच को दिया।

वह पुलिस लाइन भीलवाड़ा स्थित फायरिंग रेंज में नियमित अभ्यास करती हैं, जहां पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के मार्गदर्शन में कोच करण सिंह सहित अन्य प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि यह उपलब्धि वर्ष 2026 की शुरुआत में भीलवाड़ा जिले के लिए 10 मीटर पिस्टल शूटिंग में पहला राष्ट्रीय स्तर का पदक है, जिससे जिले में खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा मिली है।

# राजस्थान बास्केटबॉल टीम कप्तान कृतिका का समाजजनों ने किया स्वागत

## राजस्थान टीम ने पहली बार प्राप्त किया गोल्ड मेडल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान अंडर-19 राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में राजस्थान टीम की कैप्टन कृतिका खटीक के नेतृत्व में राजस्थान टीम ने पहली बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया।



कृतिका के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान ने इस मुकाम को प्राप्त किया। गोल्ड मेडल जीत कर भीलवाड़ा लौटी कृतिका के निवास स्थान पर जाकर खटीक समाज के शहर अध्यक्ष रमेश खोईवाल ने कृतिका को मिठाई खिलाकर, आतिशबाजी कर बधाई दी और इंटरनेशनल में खेलने के लिए आशीर्वाद दिया।

# मानसरोवर झील : करोड़ों खर्च के बाद भी गंदगी और खतरा, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर में विकास और सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित मानसरोवर झील आज नगर विकास न्यास की लापरवाही का उदाहरण बनती जा रही है। कभी शहर की पहचान और नागरिकों के लिए सैरगाह रही यह झील अब गंदगी, दुर्गंध और दुर्घटनाओं के खतरे का केंद्र बन चुकी है। झील में चारों ओर मोटी काई जमी हुई है, पानी से लगातार दुर्गंध उठ रही है, वहीं किनारे बने मार्गों पर अत्यधिक फिसलन के कारण आमजन का आवागमन मुश्किल हो गया है। हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहने से नागरिकों में रोष व्याप्त है। इस गंभीर स्थिति को लेकर मानव अधिकार परिषद ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। परिषद ने पत्र में नगर विकास न्यास की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मानसरोवर झील की बदहाल स्थिति को बताया है। परिषद के जिला अध्यक्ष मनीष बंब ने बताया कि झील पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन वर्तमान हालात यह हैं कि आम नागरिक वहां सुरक्षित रूप से गुजर भी नहीं सकता। यह प्रशासनिक लापरवाही के साथ सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है। पत्र में बताया गया है कि मानसरोवर झील का निर्माण वर्षा जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और नागरिकों के लिए सैरगाह विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन रख-रखाव के अभाव में यह योजना विफल होती नजर आ रही है। परिषद ने मांग की है कि झील की नियमित सफाई, काई हटाने और वैज्ञानिक जल प्रबंधन के साथ युद्धस्तर पर पुनर्जीवन कार्य शुरू कर समयबद्ध कार्ययोजना लागू की जाए, ताकि यह झील पुनः शहर के लिए पर्यावरणीय वरदान बन सके। इस मांग का समर्थन परिषद के संरक्षक हेमंत लीला कोठारी, मार्गदर्शक महावीर गांधी, सुनीता गांधी, नवरतन बाफना, ललित आंचलिया, नेहा चोरड़िया, रजनी बापना, कुसुम श्रीश्रीमाल, प्राचीर समदानी , सीए नवजोत सिंह, हरीश काकानी, अमित अग्रवाल, गोपाल शर्मा, ज्ञानचंद पगारिया, अर्पित नंदावत, सुशील लोढ़ा, रिखबचंद पीपाड़ा, मुकेश मेडतवाल, ललित लोढ़ा, विनोद सुखवाल, ललित बोहरा, कमल वैशनानी सहित अनेक पदाधिकारियों ने किया।

# दुःख में भी मानवता की मिसाल, मेहता परिवार ने किया मरणोपरांत नेत्रदान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

लायंस क्लब भीलवाड़ा के तत्वावधान में शास्त्री नगर निवासी स्वर्गीय पूर्णिमा देवी, पत्नी स्वर्गीय चांदमल मेहता, का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। इस दुःखद घड़ी में भी मेहता परिवार ने मानवता का परिचय देते हुए मरणोपरांत नेत्रदान कर अंधत्व निवारण के लिए महादान किया। परिवारजनों द्वारा पुत्र राकेश मेहता एवं सुनील मेहता तथा पुत्री मंजू जामड की प्रेरणा से एवं सभी परिजनों की सहमति से नेत्रदान का निर्णय लिया गया।

लायंस क्लब के मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान, जयपुर भीलवाड़ा चैप्टर के नेत्र सहायक चेतन भट्ट द्वारा शास्त्री नगर स्थित निवास पर पहुंचकर नेत्रों का उत्सर्जन कर कॉर्निया सुरक्षित रूप से प्राप्त किया गया, जिसे जयपुर भेजा गया है। इससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि ज्योति प्राप्त होगी। लायंस क्लब के अध्यक्ष पवन पवार ने बताया कि इस कार्य में पूर्व रीजन चेयरमैन राकेश पगारिया, कैलाश सहित लायंस आई हॉस्पिटल एवं आई बैंक की टीम का विशेष सहयोग रहा।



# विधानसभा संगठन सशक्तिकरण बैठक संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

नगर में भाजपा की विधानसभा स्तरीय संगठन सशक्तिकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी कार्य योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधायक गोपाल खंडेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गेना, जिला संगठन प्रभारी संजय जैन, जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, अविनाश जीनगर, जिला उपाध्यक्ष अशोक तलाईच, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़, मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, प्रकाश सांगावत, राजेंद्र बंजारा, श्यामलाल अहीर, बृजमोहन शर्मा सहित भाजपा मंडल महामंत्रीगण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने को लेकर सार्थक विचार-विमर्श किया गया।




QUICK BITES

# कृष्णा ने प्रोन शूटिंग चैंपियनशिप में इंडिया टीम ट्रायल के लिए किया क्वालीफाई

## किराये की राइफल से अभ्यास कर हासिल की बड़ी उपलब्धि

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

**सांवर वैष्णव**




दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है-इस कथन को साकार किया है सवाईपुर क्षेत्र की होनहार खिलाड़ी कृष्णा तेली ने। बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के चावंडिया गांव निवासी कृष्णा तेली ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एवं 50 मीटर प्रोन पोजीशन सीनियर महिला वर्ग में इंडिया टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया है। कृष्णा ने सफलता किराये की राइफल से अभ्यास कर हासिल की है । उनके कोच गजेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद कृष्णा ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि प्राप्त की है। कृष्णा तेली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों और कोच गजेन्द्र सिंह राणावत को दिया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा परिवारजन एवं ग्रामीणजन उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

# रामस्नेही संप्रदाय में 'युवाचार्य' नाम का कोई पद नहीं

## परंपरा के विरुद्ध किसी भी उपाधि को मान्यता नहीं-आचार्यश्री रामदयालजी महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**मूलचन्द पेसवानी**

रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्यश्री स्वामी रामदयालजी महाराज ने स्पष्ट किया है कि संप्रदाय में युवाचार्य नाम का कोई पद नहीं है और न ही ऐसी कोई व्यवस्था कभी रही है। उन्होंने यह बयान एक समाचार पत्र में चित्तौड़गढ़ के युवा संत दिग्विजयराम महाराज को युवाचार्य अंकित किए जाने के संदर्भ में दिया।

आचार्यश्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि कोई भी संत युवा हो सकता है, लेकिन युवाचार्य नहीं। संप्रदाय की स्थापना से लेकर आज तक युवाचार्य की कोई परंपरा नहीं रही है। रामस्नेही संप्रदाय में केवल आचार्य का निर्वाचन होता आया है और यही परंपरा आज भी कायम है।

उन्होंने कहा कि परंपराओं और शास्त्रीय मर्यादाओं के विपरीत किसी भी प्रकार की नई उपाधि गढ़ना संप्रदाय की मूल भावना के अनुरूप नहीं है। इसी क्रम में आचार्यश्री ने सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की कि रामस्नेही संप्रदाय में युवाचार्य नाम का कोई पद नहीं है और भविष्य में भी ऐसी किसी व्यवस्था की कोई संभावना नहीं है।

आचार्यश्री के इस स्पष्ट वक्तव्य के बाद संप्रदाय से जुड़े अनुयायियों और संत समाज में स्थिति साफ हो गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि संप्रदाय की परंपराओं, मर्यादाओं और स्थापित व्यवस्था का सम्मान किया जाए तथा किसी भी प्रकार के भ्रम से बचा जाए।

# पीएम श्री बालिका विद्यालय में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर, 257 छात्राओं की हुई निःशुल्क जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बापूनगर की ओर से गुरुवार को पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कक्षा 9 से 12वीं तक अध्ययनरत कुल 257 छात्राओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट, ब्लड ग्रुप एवं शुगर की निःशुल्क जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर में आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में जांच के उपरांत जिन छात्राओं में खून की कमी पाई गई, उन्हें चिन्हित कर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बापूनगर द्वारा आवश्यक उपचार एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। हैल्थ कैम्प के दौरान चिकित्सकों ने बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान करते हुए एनीमिया से बचाव, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। शिविर में डॉ. अनुराग शर्मा, एएनएम कविता मीणा, लेब टेक्निशियन हितेश वर्मा एवं टीकम जीनगर द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही राजकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र महात्मा गांधी, भीलवाड़ा के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर लेखा सहायक सुरेश धाकड़ सहित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर के अन्य स्वास्थ्य कार्मिक भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।